C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 164 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार,06 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## भजनलाल ने कहा डोटासरा चिंता न करें, यमुना का पानी भाजपा पिलाएगी

**भीलवाड़ा फोकस @ श्रीगंगानगर।**





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को साधुवाली गाजर मंडी में आयोजित 'गंगनहर शताब्दी' कार्यक्रम में कांग्रेस पर तीखे राजनीतिक हमले बोलते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पूछते हैं कहां है यमुना का पानी? तो शेखावाटी के लिए यमुना का पानी भाजपा सरकार ही लेकर आएगी, डोटासरा को चिंता करने की जरूरत नहीं है, भाजपा उन्हें पानी पिलाकर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक सत्ता में रहते हुए न तो ईआरसीपी को आगे बढ़ाया, न ही शेखावाटी के लिए यमुना जल का कोई कागज़ पूरा किया। भाजपा सरकार ने वह काम शुरू किया है जिसे कांग्रेस सरकारें वर्षों तक टालती रहीं।

सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे कमलनाथ को मित्र बताते हैं, लेकिन ईआरसीपी के समय वही मित्र कोर्ट पहुंच गए कि समझौता नहीं करेंगे। मित्र तो वो होता है जो मोहन यादव जैसा साथ दे ,डीपीआर भी बनी और शिलान्यास भी हुआ। कांग्रेस में तो मित्रता भी नहीं बची है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आंतरिक संघर्ष लगातार बढ़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा दोनों ही अपनी-अपनी कुर्सी बचाने और पाने की राजनीति में उलझे हुए हैं, वहीं अशोक गहलोत उन्हें साधने में लगे हैं।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं किया। एक मंत्री जेल से बाहर आ रहा है, दूसरा जेल जाने की तैयारी में है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है।उन्होंने कुछ स्थानीय यूनियनों पर भी निशाना साधा और कहा कि समस्या का समाधान संभव है, लेकिन मन की राजनीति का नहीं। कई तथाकथित यूनियनें खेती-बाड़ी से दूर हैं और केवल राजनीतिक उद्देश्य से सक्रिय रहती हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में श्रीगंगानगर सहित जिले की नहरों का शुद्धिकरण किया जाएगा और इन क्षेत्रों को सिंधु का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही गन्ने की तीनों श्रेणियों का समर्थन मूल्य 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ की नहरों की सुध नहीं ली, जबकि महाराजा गंगासिंह द्वारा बनाई नहरों को संभालना उनकी जिम्मेदारी थी।

मुख्यमंत्री के साधुवाली मंडी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलादराय टाक ने उन्हें परंपरागत मिट्टी की मटकी भेंट की। मंच पर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी, विधायक जयदीप बिहाणी, गुरवीर सिंह बराड़, पूर्व सांसद निहालचंद मेघवाल, जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह सहित अनेक नेता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साधुवाली गाजर मंडी और फिरोजपुर फीडर रिलाइनिंग कार्य का शिलान्यास भी करेंगे।

## धीरेंद्र शास्त्री बोले जहां बुलाया जाएगा, वहां गीता पाठ करेंगे; साध्वी ऋतंभरा ने कहा न बाबर स्वीकार, न बाबरी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**





धार्मिक आयोजनों और राजनीतिक बहसों के बीच बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शुक्रवार को जयपुर पहुंचने पर साफ कहा कि वे भारत में जहां भी बुलाए जाएंगे, वहां गीता पाठ करने जाएंगे, क्योंकि वे किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सनातन धर्म के कार्यों के लिए पूरे देश में भ्रमण करते हैं। कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय के विवाह समारोह में शामिल होने जयपुर आए शास्त्री से जब मीडिया ने पश्चिम बंगाल में होने वाले गीता पाठ कार्यक्रम और विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों पर सवाल पूछा कि वे अक्सर चुनाव वाले राज्यों में ही सक्रिय रहते हैं, तो उन्होंने मुस्कराते हुए कहा कि उनका किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है, इसलिए उनका कोई राजनीतिक विपक्ष भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह दृष्टि पर निर्भर करता है कि लोग क्या देखना चाहते हैं; वे केवल धर्म, गीता और रामायण के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत हैं।

बाबरी मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर शास्त्री ने जवाब देते हुए कहा कि वे धार्मिक गुरु हैं, राजनीति उनकी कार्य-सीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर वहीं जाकर बोलेंगे, लेकिन उनसे गीता और रामायण के बारे में पूछा जाना चाहिए, क्योंकि यही उनका वास्तविक क्षेत्र है। इस बीच, टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के बयान पर साध्वी ऋतंभरा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सब वोट बैंक की राजनीति है और भारत जैसे देश में न बाबर स्वीकार किया जा सकता है और न बाबरी। उन्होंने कहा कि जो आक्रमणकारी रहे और जिन्होंने देश की संस्कृति तथा श्रीराम मंदिर को क्षति पहुंचाई, उनके नामों को सम्मान देना उचित नहीं है। साध्वी ऋतंभरा का कहना था कि ऐसे नामों पर मस्जिद बनाना इस बात का संकेत है कि वोट की राजनीति इंसान को कितना नीचे ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा बहुत गहरी है और ऐसी राजनीतिक बयानबाजी से देश पर कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है।

## जीप चोरी का 12 साल पुराना मामला: जोधपुर से आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



कोतवाली थाना पुलिस ने 12 वर्ष पुराने बोलेरो जीप चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। कोतवाली थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस ने बताया की जून 2013 में श्यामलाल गुर्जर, निवासी शाम की सब्जी मंडी, ने रिपोर्ट दी थी कि उसके पास देखरेख में रखी बोलेरो जीप को उसके घर के बाहर से अज्ञात चोर चुरा ले गए थे ।

जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की । गठित टीम ने मामले में वर्षों से फरार चल रहे आरोपी सूरजाराम पुत्र रघुनाथराम, जाति विश्नोई, उम्र 48 वर्ष, निवासी ओसियां, जोधपुर की तलाश में पाली, अजमेर, ब्यावर और जोधपुर में लगातार दबिश दी। आरोपी लगातार मजदूरी करते हुए स्थान बदलता रहा, जिससे गिरफ्तारी चुनौतीपूर्ण बनी रही। टीम द्वारा निरंतर पीछा व मेहनत के बाद आरोपी को जोधपुर में फरारी काटते समय डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी से चोरी हुई बोलेरो व अन्य तथ्यों के संबंध में पूछताछ जारी है।

## वसुंधरा राजे का संदेश: काटने की राजनीति नहीं, साथ चलने से ही विकास

### एकता पर फोकस करते हुए कहा झगड़े कम करो, समाज को बांटो मत; विकास तभी संभव है

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से चर्चा में है, जिसमें वे प्रदेश की राजनीति, जातीय समीकरणों और विकास मॉडल को लेकर महत्वपूर्ण संदेश देती दिखाई दे रही हैं। राजे ने साफ कहा कि राजस्थान तभी आगे बढ़ेगा जब न नेता एक-दूसरे को काटने की राजनीति करेंगे और न समाज को जात-पात में बांटा जाएगा साथ मिलकर चलेंगे तो क्षेत्र भी आगे बढ़ेगा और स्टेट भी।

35 साल से उसी विधानसभा में काम कर रही हूं, शायद देश में किसी ने इतना लंबा समय एक क्षेत्र को नहीं दिया । वीडियो में वसुंधरा राजे अपने राजनीतिक सफर का ज़िक्र करते हुए कहती हैं कि वे पिछले 35 वर्षों से एक ही क्षेत्र और एक ही विधानसभा में जनता के बीच काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे बहुत कम नेता हैं । कमलनाथ, शरद पवार जैसे कुछ उदाहरण हैं लेकिन जब मैं सोचती हूं तो लगता है कि मैं खुद भी उसी लाइनअप में आ गई हूं। मैंने जीवन का बड़ा हिस्सा राजस्थान को ही दिया है।

### जात-पात में बांटने नहीं दूंगी, झगड़ों को कम करना मेरी प्राथमिकता

राजे ने कहा कि उनका राजनीतिक दर्शन हमेशा एकता पर आधारित रहा है।

उन्होंने कहा मैंने हमेशा कोशिश की है कि लोग जात-पात में न बंटें। जहां-जहां झगड़े-फसाद हैं, उन्हें कम किया जाए। समाज को बांटने से राज्य का भला नहीं होता। वे आगे कहती हैं कि चाहे वे सत्ता में रही हों या विपक्ष में, छोटे या बड़े स्तर पर काम कर रही हों, उनकी प्राथमिकता सदैव यही रही है कि राजस्थान पहले है। राजस्थान फर्स्ट, लास्ट और ऑलवेज।

### काटने की राजनीति से विकास नहीं होगा, साथ चलना होगा

वीडियो का सबसे चर्चित बयान तब आया जब वसुंधरा बोलीं ये नहीं कि मैं आपको काटूं और आप सबको काटो... इस तरीके से नहीं। साथ मिलकर काम करेंगे तो ही क्षेत्र आगे बढ़ेगा, स्टेट आगे बढ़ेगा। '

राजे का यह बयान वर्तमान राजनीतिक माहौल के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण संदेश माना जा रहा है।

### राजस्थान विकास मॉडल पर फिर से फोकस

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका लक्ष्य हमेशा प्रदेश को एकजुट रखते हुए विकास की राह पर आगे बढ़ाना रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक असहमतियां हो सकती हैं, लेकिन समाज को विभाजित करने वाली प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना किसी भी राज्य के लिए घातक होता है।

वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है।

इसे वसुंधरा राजे की राजनीति में सक्रिय वापसी का संकेत भी माना जा रहा है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## टीठोड़ा जागीर में अवैध कोयला भट्टियों पर प्रशासन का बुलडोजर, 20 से अधिक भट्टियां ध्वस्त

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**





थाना क्षेत्र के टीठोड़ा जागीर पटवार मंडल में शुक्रवार को प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित कोयला भट्टियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 से अधिक भट्टियों को ध्वस्त किया। क्षेत्र में लगातार मिल रही शिकायतों और पटवारी रिपोर्ट के बाद जहाजपुर तहसीलदार रवि कुमार मीना द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। नायब तहसीलदार बद्रीलाल के नेतृत्व में गठित टीम में गिरदावर अशोक धाकड़, पटवारी आदेश मीना और अन्नू शर्मा शामिल रहे। टीम ने शक्करगढ़ पुलिस जाप्ते के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

पटवारी आदेश कुमार मीना ने बताया की टीठोड़ा, तिखिया और गलियां क्षेत्रों में लंबे समय से बिना अनुमति के कोयला भट्टियों का संचालन हो रहा था। इनसे उठने वाला धुआं और राख पर्यावरण प्रदूषण फैलाने के साथ विद्यालयों के आसपास बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहा था। वर्षों से ग्रामीण इन भट्टियों के खिलाफ शिकायत कर रहे थे।

कार्रवाई के दौरान संचालकों को पाबंद किया गया और उनके खिलाफ नियम अनुसार कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और आगे भी ऐसे स्थलों पर निरीक्षण कर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई को राहत देने वाला कदम बताते हुए कहा कि अवैध भट्टियों के कारण लंबे समय से क्षेत्र में वातावरण दूषित हो रहा था।

# प्रवीण तोगड़िया का दो दिवसीय भीलवाड़ा दौरा रविवार से

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के सुप्रीमो एवं हिंदू हृदय सम्राट प्रवीण तोगड़िया रविवार को दो दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचेंगे। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विभाग मंत्री मुकेश शर्मा ने दी।

शर्मा ने बताया कि तोगड़िया अपने प्रवास के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं से संपर्क कर विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। इसमें संपूर्ण राष्ट्र में एक लाख हनुमान चालीसा केंद्रों की स्थापना, यूनिफॉर्म सिविल कोड, गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने एवं देश में जनजागरण चेतना को प्रभावी बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा शामिल रहेगी। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# 86 किलो गांजा तस्करी में दो आरोपितों को 10-10 वर्ष कैद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



एनडीपीएस मामले में विशिष्ट न्यायाधीश जगदीशप्रसाद शर्मा ने गांजा तस्करी के दो आरोपितों आसिफ अली और आमिर खान को दस-दस वर्ष के कठोर कारावास व एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

प्रकरण 2 जनवरी 2019 का है, जब प्रतापनगर थानाधिकारी प्रेम सिंह को आजादनगर श्मशानघाट में खड़ी कार में भारी मात्रा में मादक पदार्थ होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने कार से 55 पैकेट में 86 किलो गांजा बरामद किया और दोनों आरोपितों को मौके पर ही गिरफ्तार किया।

ट्रायल के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने 14 गवाहों व 82 दस्तावेजों के आधार पर आरोप सिद्ध कराए, जिसके बाद न्यायालय ने दोनों को कठोर दंड से दंडित किया।

# आसींद थाने की पहली महिला थाना प्रभारी बनीं श्रद्धा पंचोरी

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा जिले के 13 थाना प्रभारियों के तबादले की सूची जारी की गई, जिसके तहत आसींद थाने का कार्यभार श्रद्धा पंचोरी को सौपी गई है। शुक्रवार को वे आसींद थाने पहुंचीं, जहां पूर्व थाना अधिकारी हंसपाल सिंह सहित समस्त पुलिसकर्मियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद हंसपाल सिंह ने उन्हें औपचारिक रूप से चार्ज सौंपा।

नव नियुक्त थाना प्रभारी श्रद्धा पंचोरी ने कहा कि अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास की नीति पर वे पूरी तरह खरी उतरेंगी। पचौरी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जो भरोसा उनमें जताया गया है, उसे जिम्मेदारी के साथ निभाते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा।

गौरतलब है कि आसींद थाना स्थापित होने के बाद पहली बार किसी महिला अधिकारी को थाना प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है, जिसे लेकर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है।

# सड़क निर्माण विवाद पर बुजुर्ग की भूख हड़ताल शुरू



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**




**(दिलखुश)** घटियाली कस्बे के मुख्य बस स्टैंड स्थित चारभुजा मंदिर के सामने सड़क निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा पुरानी सीसी सड़क हटाए बिना नई सड़क बनाने के विरोध में 63 वर्षीय एक बुजुर्ग ने शुक्रवार सुबह आठ बजे से भूख हड़ताल शुरू कर दी।

चारभुजा मंदिर के चबूतरे पर बैनर और माइक लगाकर शुरू किए गए इस विरोध प्रदर्शन में बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि पंचायत नियमों की अनदेखी कर रही है। बुजुर्ग का कहना है कि पहले जेसीबी से पुरानी सड़क हटाकर मलबा साफ किया जाना चाहिए था, ताकि नई सड़क का स्तर अनावश्यक रूप से ऊंचा न हो।

उन्होंने चेताया कि बिना पुरानी सड़क हटाए नई सीसी सड़क बनने से मंदिर के सामने स्थित मुख्य बस स्टैंड पर हथाई और चबूतरा जमीन के बराबर हो जाएंगे, जिससे गंदगी फैलने का खतरा बढ़ेगा और लोगों की बैठने की सुविधा समाप्त हो जाएगी।

बुजुर्ग ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो वे शनिवार को सावर उपखंड कार्यालय के बाहर भी धरना और भूख हड़ताल करेंगे।

# शिक्षक संघ उपशाखा फुलिया कलां की बैठक में शिक्षा व संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा फुलिया कलां की बैठक बीड़ के बालाजी स्थल पर आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता उपशाखा अध्यक्ष रामगोपाल मीणा ने की। बैठक में शिक्षकों ने शिक्षा के प्रति समर्पण और संगठन की मजबूती का संकल्प दोहराया।

प्रवासी कार्यकर्ता एवं अजमेर संभाग संयुक्त मंत्री जगदीश गुर्जर ने संगठन सुदृढ़ीकरण, आपसी सहयोग और शिक्षकों की सामाजिक भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। गुर्जर ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले होते हैं। प्रधानाचार्य सत्यनारायण सुथार ने हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ विषय पर प्रेरक विचार व्यक्त किए और विद्यालय को नैतिक मूल्यों का केंद्र बताते हुए शिक्षकों को उनकी अहम भूमिका का अहसास करवाया। बैठक में हनुमान प्रसाद शर्मा, राकेश सोनी, नवरतन मल बगड़िया सहित कई सदस्यों ने भी विचार साझा किए। उन्होंने संगठन के माध्यम से आपसी सहयोग व समस्याओं के समाधान को शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बताया। कार्यक्रम में सत्यदेव पुरोहित, सत्यनारायण गुर्जर, शंकरलाल जाट, महावीर जाट, ओमप्रकाश चौधरी, चंद्रप्रकाश स्वर्णकार, मनोज पारीक, महावीर प्रसाद शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक का समापन शिक्षा और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता के संदेश के साथ हुआ।

# अवैध बजरी खनन पर पुलिस ने की कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**



उपखंड क्षेत्र की कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस ने गुरुवार देर शाम विशेष अभियान चलाते हुए कार्रवाई की। मेजा से धुलखेड़ा के बीच नदी क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने एक जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया तथा चालक राजू पुत्र राधेश्याम अहीर को गिरफ्तार किया। मौके पर मिले चालक से अनुमति पत्र व खनन संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर सका।

अवैध खनन की पुष्टि होने पर पुलिस ने दोनों वाहनों को थाने में खड़ा करवाया। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

# स्वतंत्रता सेनानी साधु सीताराम दास की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, वैष्णव समाज ने किया नमन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** स्वतंत्रता संग्राम व बिजौलिया किसान आंदोलन के प्रणेता स्वर्गीय साधु सीताराम दास बैरागी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को भीलवाड़ा जिला मुख्यालय स्थित सिद्ध बली हनुमान मंदिर रामानन्दी भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन अखिल भारतीय साधु सीताराम दास सेवा समिति द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

जिलाध्यक्ष लखन वैष्णव भादू ने बताया कि साधु सीताराम दास की पुण्यतिथि को इस वर्ष भी जोगेश्वर दास महाराज के सानिध्य में वैष्णव समाज ने श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे रामानंदी भवन में अतिथियों के सत्कार से हुई। इसके बाद लगभग 3 बजे स्वतंत्रता संग्राम और किसान आंदोलनों में साधु सीताराम दास के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

समिति अध्यक्ष उमाशंकर वैष्णव बिजोलिया ने साधु सीताराम दास के जीवन, संघर्ष और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि साधु-महात्मा होते हुए भी उन्होंने किसानों के हितों के लिए अंग्रेजी शासन और जागीरदारों के अत्याचारों के खिलाफ निर्णायक आंदोलन खड़ा किया, जो इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है।

कार्यक्रम में शांति दास महाराज मटुनिया, रामस्वरूप वैष्णव ठेकेदार किशनगढ़, उतम वैष्णव राष्ट्रीय अध्यक्ष, वैष्णव युवा महासभा, चित्तौड़गढ़, केदार वैष्णव, मुकेश वैष्णव, प्रेम दास वैष्णव, दिनेश वैष्णव घेवरिया, मुरली वैष्णव, महावीर वैष्णव पालड़ी, गोविंद वैष्णव, गोपाल निरंजनी, गजानंद वैष्णव, महेश वैष्णव, महावीर वैष्णव भीलवाड़ा, सतीश वैष्णव, दीपक वैष्णव, चंद्रप्रकाश वैष्णव, गोवर्धन वैष्णव, लखन वैष्णव बेमाली सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने किया विद्यालय का निरीक्षण, शिक्षा की गुणवत्ता और खेल सुविधाओं के उन्नयन पर दिए निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा का निरीक्षण किया। इस मौके पर बैरवा ने विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, खेलकूद, नामांकन स्थिति और अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन कर जरूरी सुधारों पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने विद्यालय की एसडीएमसी समिति के पदाधिकारियों और स्टाफ से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ छात्रों को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रोत्साहन देना आवश्यक है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। बैरवा ने खेल मैदान को और बेहतर बनाने तथा विद्यालय परिसर में व्यापक वृक्षारोपण कर छात्रों के लिए पर्यावरण अनुकूल एवं प्रेरणादायक वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांकन बढ़ाने के प्रयासों पर भी विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि अभिभावकों, आमजन और विद्यार्थियों को सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। विधायक बैरवा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसका लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और समाज के सभी वर्गों का सहयोग मिले।



## QUICK BITES

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की वर्षगांठ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिलाओं को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानून और सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 27 नवंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में इस राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया था, जिसके तहत देशभर में बाल विवाह की रोकथाम के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।

सवाईपुर ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासक किशनलाल जाट ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने अपील की कि सभी महिलाएँ अपने आसपास के लोगों को भी इस कुप्रथा के विरुद्ध जागरूक करें, ताकि समाज में बाल विवाह जैसी प्रथा का पूरी तरह उन्मूलन किया जा सके।

इस दौरान आंगनबाड़ी सहायिका नेहा पुरोहित, गायत्री देवी, सुमन देवी, विमला देवी, गजरी देवी, मधु देवी, बाली देवी, लाली देवी सहित कई महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## माण्डलगढ़ बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद पर 3 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा ,12 दिसम्बर को मतदान

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।



बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद हेतु तीन उम्मीदवारों के आवेदन पत्र निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल किए है। 12 दिसम्बर को चुनाव मतदान की तिथि निर्धारित हैं।बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद को लेकर इस बार रौचक मुकाबला माना जा रहा हैं। तीनो प्रत्याशी मैदान में डटे रहे तो त्रिकोणीय मुकाबला बन सकता हैं।

मांडलगढ़ बार एसोसिएशन प्रवक्ता- एडवोकेट सत्यनारायण जीनगर ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट निहाल सेन, ओमप्रकाश पालीवाल, मथुरा लाल मीणा ने अपना नामांकन भरा है।तथा उपाध्यक्ष पद के लिए हीरालाल जीनगर ,सुरेंद्र सिंह राजावत ने आवेदन किया हैं। कोषाध्यक्ष पद पर भेरूलाल शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए ममता कुमारी मीणा,सह सचिव पद पर कन्हैयालाल खटीक व सचिव पद के लिए मुकेश कुमार परिहार ने आवेदन किया हैं।

प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जाँच 6 दिसम्बर को होगी तथा नामांकन वापस लेने की तिथि 8 दिसम्बर निर्धारित हैं। ओर 12 दिसंबर को मांडलगढ़ बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथि निर्धारित हैं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# टेकरी के हनुमान मंदिर में माता शबरी की कुटिया का होगा भव्य निर्माण

## महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सान्निध्य में पोस्टर का हुआ विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




**पेसवानी** । टेकरी के हनुमान मंदिर परिसर में माता शबरी की कुटिया मंदिर का भव्य निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को निर्माण कार्य से संबंधित पोस्टर का विधिवत विमोचन हरी सेवा धाम में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के मार्गदर्शन व बाबाजी सा. चंद्रवीर सिंह पुरावत और महंत पुनीत दास त्यागी के नेतृत्व में किया गया। स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि माता शबरी की तपोभूमि और उनकी भक्तिमय परंपरा को संरक्षित एवं समर्पित स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से यह कुटिया भक्तों के लिए अध्यात्म और सेवा का केंद्र बनेगी। उन्होंने मंदिर परिसर के विशाल विकास कार्यों की रूपरेखा भी साझा की। संस्था अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने बताया कि कुटिया निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई मूलभूत व्यवस्थाएँ भी की जाएँगी। विमोचन कार्यक्रम के दौरान महंत पुनीत दास त्यागी, संत मायाराम, राजाराम, गोविंदराम, ब्रह्मचारी कुनाल, मिहिर, योगेंद्र सिंह पंवार, संस्था कोषाध्यक्ष ओम बुनकर, कन्हैयालाल तथा राजकुमार माली, पंकज आडवाणी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मानपुरा के पंडित नरेश जोशी का मुंबई के इस्कॉन मंदिर परिसर में हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।







तहसील क्षेत्र के मानपुरा कस्बे के प्रतिभाशाली आचार्य पंडित नरेश जोशी को माँ तुलसा भवानी फाउंडेशन, मुंबई द्वारा आयोजत समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ग्रेट विक्ट्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में रामभद्राचार्य महाराज के सानिध्य में किए गए विशिष्ट कार्य के उपलक्ष में प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अभिनेत्री जयाप्रदा, महामंडलेश्वर संजय स्वामी महाराज, हरिद्वार फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्योति माले, बॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियां और मुंबई के प्रमुख उद्योगपतियों ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर संयुक्त रूप से यह सम्मान प्रदान किया।

यह समारोह मुंबई के जूही अंधेरी स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देशभर के 151 वैदिक ब्राह्मण, आचार्य, पंडितों ने भाग लिया, जिनमें राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र एवं भीलवाड़ा जिले में माण्डलगढ़ तहसील से सिर्फ अकेले पंडित नरेश जोशी का चयन होना पूरे भीलवाड़ा जिले और मानपुरा कस्बे के लिए गौरव की बात है। अब तक पंडित नरेश जोशी 16 प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। उनके पिता पंडित दुर्गेश कुमार जोशी एक अध्यापक हैं, जबकि उनके प्रथम गुरु उनके दादाजी सोहनलाल दाधीच रहे, जिन्होंने बाल्यावस्था में उन्हें गुरु दीक्षा प्रदान की। पंडित नरेश की इस उपलब्धि से मानपुरा कस्बे में खुशी और गर्व का माहौल है। पंडित नरेश के मानपुरा पहुंचने पर शुभचिन्तकों ने अभिनन्दन कर बधाई दी।

# संपर्क पोर्टल व लंबित मामलों पर जिला कलेक्टर सख्त, विभागों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, लंबित प्रकरणों की स्थिति और योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबे समय से लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से सभी प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर ने डेली न्यूज मॉनिटरिंग सिस्टम में दर्ज समाचार पत्रों में प्रकाशित विभिन्न समाचारों की टिप्पणी से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की और विभागों को शीघ्र व प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय कार्यवाही, योजनाओं, उनकी प्रगति व अंतर-विभागीय समन्वय की भी समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने कहा कि विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें ताकि प्रकरणों के समाधान में तेजी आए और योजनाओं के क्रियान्वयन की गुणवत्ता बेहतर हो।

बैठक में एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद के सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण हाट में अमृता हॅाट मेले का हुआ शुभारंभ, 80 स्वयं सहायता समूहों ने निभाई भागीदारी





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

ग्रामीण हाट में आयोजित पांच दिवसीय अमृता हॅाट मेले का शुभारंभ शुक्रवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में हुआ। मेले के उद्घाटन अवसर पर उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं।

मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आए 80 स्वयं सहायता समूह भाग ले रहे हैं, जिनके उत्पादों में देसी व्यंजनों का विशेष आकर्षण देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, वस्त्र, सजावटी सामग्री एवं घरेलू उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार मेले के सभी स्टॉल पर डिजिटल पेमेंट की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई गई है, जिससे महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री में आसानी हो रही है। यह नवाचार मेले की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल रहा।

मेले में प्रतिदिन महिलाओं के लिए प्रशिक्षण सेमिनार, जागरूकता कार्यक्रम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी, ताकि महिलाओं को कौशल विकास के साथ-साथ मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिल सके।

यह पांच दिवसीय मेला 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजनकर्ताओं का कहना है कि यह मेला महिलाओं के कौशल, रचनात्मकता और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का बड़ा माध्यम साबित होगा। मेले के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और खरीदार भी पहुंचे, जिन्होंने महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों में रुचि दिखाते हुए उनकी सराहना की।

# रक्तदान शिविर मे 61 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

सामाजिक सरोकार और जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए एचडीएफसी बैंक शाखा आसींद द्वारा प्रायोजित रक्तदान शिविर आचार्य महाप्रज्ञ इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस, आसींद में आयोजित किया गया। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 61 रक्तदाताओं ने जीवनदायी रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

ब्लड बैंक अरिहंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भीलवाड़ा के विशेषज्ञ दल द्वारा शिविर में रक्त संकलन की सम्पूर्ण



प्रक्रिया सुव्यवस्थित रूप से संपन्न की गई।

शिविर का उद्घाटन समाजसेवी प्रकाश चंद्र चौधरी, राम प्रसाद मेवाड़ा, एचडीएफसी बैंक के ब्रांच ऑपरेशन मैनेजर श्याम सुंदर कारपेंटर, तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संकर्षण पंडा ने किया।

रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एचडीएफसी बैंक शाखा द्वारा उपहार, तथा महाविद्यालय प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

शिविर में कन्हैयालाल टेलर, दीपक कुमार चौधरी, सुखबीर सिंह, राधेश्याम वैष्णव, राहुल वैष्णव सहित महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

# RBI का आपकी पूंजी, आपका अधिकार कैंप आयोजित, दावारहित संपत्तियों पर मिला आमजन को लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आपकी पूंजी, आपका अधिकार कैंप का आयोजन शुक्रवार को टाउन हॉल, नगर निगम भीलवाड़ा में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोठारी सहित ऋब्व्व्ह के अग्रणी जिला अधिकारी मनीष मांडल, बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. राजेश भाकर, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख अजय कुमार दुग्गल, एचडीएफसी बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख गौरव नागपाल, आईसीआईसीआई बैंक के क्षेत्रीय



प्रमुख मोहित शर्मा तथा नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी उपस्थित रहे।

कलेक्टर संधू ने कहा कि वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार दावारहित संपत्तियों को जनता तक पहुँचाने के लिए यह महत्वपूर्ण पहल है और अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में RBI अधिकारियों ने दावारहित वित्तीय संपत्तियों की प्रक्रिया और लाभ के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।

अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक अशोक कुमार पांडे ने बताया कि कैंप में जिले के सभी बैंकों द्वारा कुल 16 लाख रुपये की राशि के 12 प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के 7 परिवारों तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 2 परिवारों को 2-2 लाख रुपये के चेक सौंपे गए। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर वित्तीय लाभ और आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# सावर-गोरधा रोड पर बढ़ रहा हादसों का खतरा , आरडीएसएस योजना में लापरवाही, सड़क किनारे खड़े कर रहे बिजली पोल

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** । केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत क्षेत्र में बिजली ढांचे को मजबूत करने के लिए नए बिजली पोल लगाए जा रहे हैं, लेकिन सावर से गोरधा रोड पर सुरजपुरा व किडवा झोपड़ा के पास विभागीय लापरवाही लोगों के लिए खतरा बन गई है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि योजना के तहत लगाए जा रहे बिजली पोलों को सड़क के बिल्कुल किनारे गाड़ा जा रहा है, जिससे हर समय हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि आरडीएसएस योजना



का उद्देश्य बिजली व्यवस्था को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाना है, लेकिन धरातल पर इसका उल्टा नजारा देखने को मिल रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की रफ्तार और रात के समय कम रोशनी के कारण यह पोल हादसों को न्योता दे रहे हैं। इससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों दोनों की जान जोखिम में पड़ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने पोलों को सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट नहीं किया तो आने वाले समय में बड़ा हादसा घटित हो सकता है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से बिना देरी उचित कार्रवाई करने तथा आरडीएसएस योजना के मूल उद्देश्य सुरक्षा व सुधार का पालन करने की मांग की है।

# किसान आंदोलन के जनक साधु सीताराम दास बैरागी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

स्वतंत्रता संग्राम और किसान आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कस्बा निवासी साधु सीताराम दास बैरागी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को अखिल भारतीय साधु सीताराम दास सेवा समिति द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वैष्णव समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

समिति अध्यक्ष उमाशंकर वैष्णव ने बताया कि साधु सीताराम दास बैरागी की पुण्यतिथि केवल बिजोलिया में ही नहीं, बल्कि त्रिवेणी और भीलवाड़ा में भी वैष्णव समाज द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई। वैष्णव ने कहा कि साधु सीताराम दास का संघर्षमय जीवन और किसानों के अधिकारों के लिए



उनका त्याग सदैव समाज को प्रेरित करता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने साधु सीताराम दास बैरागी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों एवं किसान आंदोलन में दिए गए योगदान को नमन किया।

श्रद्धांजलि सभा में तहसीलदार ललित डीडवानिया, थाना प्रभारी स्वागत पांडे, डा. दुर्गा शंकर मैहर, अभिषेक सर्वा, संजय सिंह चौहान, अंकित तिवारी, नरेश पंडित, शंभूलाल गुर्जर, शांति लाल मेहता, सत्यनारायण मालवीय, यशवंत सिंह पुंगलिया, अनिल राव, कमलेश सेन, घनश्याम सोनी, लक्ष्मण सिंह, कमलेश कोली, वीरेंद्र वैष्णव, राजेश वैष्णव, गोपाल बैरागी, धर्मराज बैरागी, चंद्रप्रकाश वैष्णव, मुकेश बैरागी एवं राजेश कुमार बैरागी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# एडवोकेट प्रदीप बने प्रदेश काग्रेस कमेटी के एसटी विभाग में सचिव

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं प्रभारी रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गह्लोत , सचिन पायलट, यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यू 'पूनिया , एसटी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा की अनुशंसा पर एसटी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्र्रांत भुरिया ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं चित्तौड़गढ़ प्रभारी एडवोकेट प्रदीप कुमार मीणा को प्रदेश काग्रेस कमेटी के एसटी विभाग प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। मीणा को शुभचिन्तकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# यूरिया खाद के लिए भूखे-प्यासे किसान घंटों कतारों में, 660 कट्टों पर टूट पड़े 1000 से अधिक किसान

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)**। रबी सीजन की सरसों, गेहूं और जौ की फसलों के लिए अत्यंत आवश्यक यूरिया खाद की कमी ने क्षेत्र के किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। सवाईपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से खाद की किल्लत बनी हुई है। ग्रामीणों व संगठनों ने हाल ही में यहां से गुजरे कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को भी इस समस्या से अवगत कराया था। किसानों ने चेतावनी दी थी कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुआ तो रबी की फसल पर गंभीर असर पड़ेगा।

शुक्रवार को सवाईपुर स्थित कोटड़ी कृषक सेवा सहकारी संस्था लिमिटेड सहित एक निजी संस्था द्वारा यूरिया खाद का वितरण किया गया। सुबह 7 बजे से ही कड़ाके की सर्दी में किसान खाद लेने के लिए कतार में लग गए। कई किसान अलाव जलाकर ठंड से बचते दिखे, लेकिन दिन चढ़ने के साथ भीड़ इतनी बढ़ गई कि कतारें नेशनल हाईवे तक पहुँच गईं।

संस्थान के व्यवस्थापक शंभूलाल ने बताया कि कुल 660 कट्टे यूरिया खाद आए थे, जबकि लेने के लिए 1000 से अधिक किसान पहुंच गए। सीमित स्टॉक होने के कारण कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। जिन किसानों को खाद मिला, उन्हें भी 1-2 कट्टों के लिए 5 से 6 घंटे तक भूखे-प्यासे लाइन में खड़ा रहना पड़ा।

निजी संस्थान द्वारा भी खाद वितरण किया गया, जहाँ लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। किसानों ने कहा कि समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिलने से उनकी फसलें प्रभावित होने लगी हैं और यदि जल्द आपूर्ति सुचारू नहीं हुई, तो उत्पादन पर बड़ा असर पड़ेगा।

# भाविप वीर शिवाजी शाखा द्वारा हिंदी वाद विवादएवं आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



**(पंकज पोरवाल)** भारत विकास परिषद् वीर शिवाजी शाखा द्वारा शाखा स्तरीय युवा प्रखर प्रतियोगिता के अंतर्गत हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता एवं आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन माणिक्य लाल वर्मा टेक्सटाइल कॉलेज में कराया गया। आयोजन का शुभारंभ अध्यक्ष सुभाष मोटवानी, सचिव कमलेश बोड़ाना, वित्त सचिव अनुराग वोहरा, निर्णायक अनुराग जागेटिया, डॉ रूपा पारीक, निधि सुराणा द्वारा दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम् गायन के साथ किया गया। प्रतियोगिता भीलवाड़ा के तीन महाविद्यालय के मध्य करवाई गई, जिसका विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी रखा गया। प्रभारी नवीन अग्रवाल ने बताया प्रतियोगिता में स्विफ्ट कॉलेज प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान पर पुनीत कॉलेज के प्रतिभागी रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को शहर समन्वयक श्याम कुमावत द्वारा प्रशस्ति पत्र, एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि विजेता टीम 13 दिसंबर को अजमेर में होने वाली प्रांतीय वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेगी सकार्यक्रम का सुंदर संचालन शाखा सचिव कमलेश बोड़ाना ने किया स अंत में शाखा अध्यक्ष सुभाष मोटवानी ने सभी का धन्यवाद, आभार व्यक्त किया। आयोजन में शाखा से उमेश शर्मा, शेखर सारस्वत, रमेश अरोड़ा, दीपक चोरड़िया, पुनीत माहेश्वरी, धर्मेंद्र देवनानी, अजय सोमानी, सरिता जैन, डॉ रूपा पारीक, शशि बोड़ाना, कोमल मोटवानी, सुभाष मोटवानी, कमलेश बोड़ाना, अनुराग वोहरा आदि सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।